Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to expedite the construction of ring road in Kurukshetra.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे ज़ीरो ऑवर में अपने लोक सभा क्षेत्र कुरुक्षेत्र के लोक-हित में एक समस्या को उठाने का मौका दिया है, मैं आपका धन्यवाद करना चाहता हूँ।

कुरुक्षेत्र एक महाभारतकालीन धार्मिक नगरी है, जहाँ पर सर्वमानव जाति के लिए युद्ध के मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का संदेश दिया था। मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करना चाहूंगा, जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की धरती पर श्री कृष्णा सर्किट-1 और श्री कृष्णा सर्किट- 2 के माध्यम से 48 कोस की परिक्रमा में 134 महाभारतकालीन धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार का काम कर रहे हैं। मेरे कुरुक्षेत्र शहर में देश-विदेश से हर रोज हजारों की संख्या में तीर्थ यात्री एवं श्रद्धालु आते हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय नितिन गडकरी जी के ध्यान में एक बात लाना चाहता हूँ क्योंकि कुरुक्षेत्र शहर से एक ही सड़क गुजरती है, जिसके ऊपर ट्रैफिक का बहुत भारी दबाव रहता है और हर रोज काफी संख्या में श्रद्धालु वहां आते हैं। वह सड़क पेहवा, पुंडरी, कैथल, हिसार और राजस्थान को जोड़ती है।

आपके माध्यम से मेरी अपील है कि वहां पर एक रिंग रोड बनाया जाए, इसकी पैमाइश भी हुई है, इससे पहले भी मैंने इस मुद्दे को उठाया था। इसलिए वहां पर जल्दी रिंग रोड बनाने का काम शुरू किया जाए।

मैं आपके माध्यम से इतनी ही अपील करना चाहता हूँ। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री नायब सिंह सैनी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।